

# चक्काजाम करने वाले आरोपियों पर मामला दर्ज

## शव रखकर मझौली-सीधी राजमार्ग में आवागमन किया गया था बाधित

नवभारत न्यूज

**सीधी/मझौली 24 जुलाई। शव को राजमार्ग में रखकर चक्काजाम करने वाले आरोपियों के विरूद्ध मझौली थाना पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। चक्काजाम के चलते मझौली-सीधी राजमार्ग में करीब 4 घंटे अवरूद्ध रहा।**

पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के निर्देशन, एएसपी श्रीमती कमला जोशी एवं एसडीओपी कुसमी संतोष तिवारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मझौली उनि. विशाल शर्मा के नेतृत्व में सार्वजनिक व्यवस्था भंग करने एवं राष्ट्रीय राजमार्ग पर



चक्काजाम कर यातायात बाधित करने वाले आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी वैधानिक कार्यवाही की गई है। 23 जुलाई 2026 को थाना मझौली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छुई में एक मृतक का शव पोस्टमार्टम हेतु एम्बुलेंस से ले जाया जा रहा था। इसी दौरान कुछ लोगों ने एम्बुलेंस को रोककर शव को सीधी-शहडोल राष्ट्रीय राजमार्ग के बीचों-बीच रख दिया तथा बड़ी संख्या में एकत्र होकर चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों द्वारा शासन-प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए लगभग 5 घंटे तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवागमन पूरी तरह बाधित किया गया, जिससे आम नागरिकों एवं यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही एसडीओपी, तहसीलदार, थाना प्रभारी मझौली, मड़वास, कुसमी, चौकी प्रभारी पथरौला सहित पर्याप्त पुलिस बल मौके पर पहुंचा। अधिकारियों द्वारा प्रदर्शनकारियों को शांतिपूर्वक समझाइश देकर मार्ग खोलने का लगातार प्रयास किया गया, किन्तु उनके द्वारा चक्काजाम समाप्त नहीं किया गया और यातायात बाधित रखा गया।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना मझौली पुलिस द्वारा शिकायत, उपलब्ध साक्ष्यों एवं वीडियो फुटेज के आधार पर चक्काजाम कर लोक मार्ग अवरुद्ध करने वाले नामजद एवं अन्य आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 126(2), 191(2), 190, 285 तथा राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 2004 की धारा 33/58 अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### सीधी पुलिस की अपील

सीधी पुलिस आमजन से अपील की है कि किसी भी समस्या या मांग के समाधान हेतु विधिसम्मत एवं शांतिपूर्ण माध्यम अपनाएं। सार्वजनिक मार्गों को अवरुद्ध कर आमजन के आवागमन में बाधा उत्पन्न करना कानूनन दंडनीय अपराध है। कानून व्यवस्था भंग करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध भविष्य में भी निष्पक्ष एवं कठोर वैधानिक कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

### चक्काजाम करने का बढ़ा प्रचलन

जिले में शव मुख्य मार्ग में रखकर चक्काजाम करने का प्रचलन कुछ अर्से से बढ़ा है। खासतौर से ग्रामीण क्षेत्रों में किसी वारदात में मौत होने पर लोग अकारण ही शव सड़क में रखकर चक्काजाम शुरू कर देते हैं। चक्काजाम हो जाने पर मुख्य मार्ग में आवागमन घंटों पूरी तरह से अवरूद्ध हो जाता है और लोगों का भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## काउंसलिंग के बिना पूर्व पंजीयन भी शामिल हो सकेंगे पात्र शिक्षक

**सीधी 24 जुलाई।** जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र विनय मिश्रा ने बताया कि राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार जिले में विकासखंड अकादमिक समन्वयक (विषयवार) तथा जनशिक्षक (बीएसी/सीएसी) के पदों की पूर्ति के लिए पात्र शिक्षकों से 3 अगस्त 2026 तक पंजीयन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। उन्होंने बताया कि राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा 23 जुलाई 2026 को आयोजित वीडियो कांफ्रेंसिंग में दिए गए निर्देशों के अनुसार यह स्पष्ट किया गया है कि यदि किसी कारणवश कोई पात्र शिक्षक काउंसलिंग से पूर्व अपना पंजीयन आवेदन प्रस्तुत नहीं कर पाया है, तो वह भी 5 अगस्त 2026 को अपनी नियुक्ति एवं सेवा अभिलेखों के साथ काउंसलिंग में शामिल हो सकेगा। इसके अतिरिक्त, उच्च पद प्रभार प्राप्त उच्च माध्यमिक शिक्षक (मूल पद-माध्यमिक शिक्षक) भी बीएसी/सीएसी की काउंसलिंग में भाग लेने के पात्र होंगे।



# कलेक्टर ने की स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा

## कमजोर प्रगति पर व्यक्त की नाराजगी, दिए सख्त निर्देश

नवभारत न्यूज

**सीधी 24 जुलाई। जिला पंचायत सभागार में कलेक्टर विकास मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति एवं महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान कमजोर प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए।**

कलेक्टर ने एचआरपी भर्ती में धीमी प्रगति, मातृ मृत्यु, टीकाकरण, आयुष्मान कार्ड निर्माण, आरबीएसके स्क्रीनिंग, एनसीडी एवं कैंसर स्क्रीनिंग सहित अन्य योजनाओं के आंकड़ों की समीक्षा की। शहरी क्षेत्र के साथ ही सिहावल, रामपुर नैकिन, कुसमी और मझौली विकासखंडों में प्रगति कम पाए जाने पर तत्काल सुधार के निर्देश दिए। बैठक में बीसीएम रामपुर नैकिन के विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करने, जिला अस्पताल में हाइपरटेंशन की जांच नहीं होने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा डॉ.आशीष विवेक भारती का वेतन रोकने हेतु प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। कुसमी विकासखंड में सिकल सेल मरीजों को एक सप्ताह के भीतर शत-प्रतिशत दवा वितरण कर पोर्टल पर अद्यतन करने को कहा। चौपाल पवई क्षेत्र के छात्रावासों में मलेरिया नियंत्रण के लिए मच्छरदानी वितरण तथा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मलेरिया नियंत्रण हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की नियमित समीक्षा कर समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने को कहा।

एएनएम की त्रुटि से भुगतान लंबित होने पर कारण बताओ नोटिस जारी कर वेतन कटौती करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान अनुपस्थित रहीं शहरी नोडल अधिकारी डॉ.रुचि सिंह एवं एलडीसीएमआईएस को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने को कहा। सीवियर एनीमिया प्रबंधन में प्रगति कम होने पर शहरी नोडल अधिकारी व एलडीसीएमआईएस को कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा 25 तारीख तक एंट्री पूर्ण नहीं होने पर सभी बीपीएम का वेतन रोकने के निर्देश दिए। बीपीएम कुसमी के विगत कई महीनों से अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने पर मिशन संचालक को पत्र भेजने तथा बीपीएम मझौली को बीपीएम कुसमी का अतिरिक्त प्रभार देने के निर्देश दिए।



## छात्रों के समर्थन और राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस का कैंडल मार्च

नवभारत न्यूज

**सेमरिया 24 जुलाई। छात्रों की न्यायपूर्ण मांगों के समर्थन तथा संसद परिसर में धरने पर बैठे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालयों में कैंडल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया।**

इसी क्रम में सेमरिया बाजार में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह के नेतृत्व एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सेमरिया के अध्यक्ष अरविंद तिवारी के तत्वाधान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कैंडल मार्च निकालकर केन्द्र सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। कैंडल मार्च के दौरान कांग्रेसजनों ने छात्रों की आवाज को दबाने और विपक्ष के नेताओं पर कार्रवाई किए जाने का विरोध करते हुए लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा के समर्थन में नारे लगाए। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार छात्रों की न्यायपूर्ण मांगों को सुनने के बजाय उनकी आवाज उठाने वालों पर कार्रवाई कर लोकतांत्रिक मूल्यों का दमन कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की गिरफ्तारी लोकतंत्र पर सीधा हमला है।

कैंडल मार्च में महामंत्री विनोद विश्वकर्मा, प्रभात वर्मा, मनोज कोल, मंडलम अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, तेजस्वी मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, युवा साथी एवं लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखने वाले नागरिक शामिल हुए। सभी ने एकजुट होकर छात्रों के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की और संविधान तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## संजय टाइगर रिजर्व में 33 वनरक्षक बने वनपाल, 9 वनपाल पदोन्नत होकर बने उप वनक्षेत्रपाल

नवभारत न्यूज

**सीधी 24 जुलाई। संजय टाइगर रिजर्व सीधी द्वारा शुक्रवार को जमोड़ी विश्रामगृह में पदोन्नत कर्मचारियों के सम्मान एवं प्रशिक्षण के लिए गरिमामय अलंकरण समारोह सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

म.प्र. शासन द्वारा जारी पदोन्नति आदेशों के तहत संजय टाइगर रिजर्व के अंतर्गत कार्यरत कुल 42 कर्मचारियों को पदोन्नति प्रदान की गई। इनमें 33 वनरक्षकों को वनपाल तथा 9 वनपालों को उप वनक्षेत्रपाल के पद पर पदोन्नत किया गया। समारोह में राजेश कन्ना टी. उप संचालक संजय टाइगर



रिजर्व ने सभी पदोन्नत अधिकारियों को विभागीय बैज पहनाकर अलंकृत किया। इस अवसर पर सहायक संचालक सीधी, अधीक्षक सोन घड़ियाल अभ्यारण्य, अधीक्षक बघदरा अभ्यारण्य, परिक्षेत्र अधिकारी डुबरी, बस्तुआ, ब्यौहारी, मड़वास, टमसार, भुईमांड एवं सोन घड़ियाल तथा डॉ.कैलाश तिवारी, मानसेवी जिला वन्यप्राणी अभिरक्षक सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पदोन्नत अधिकारियों को वन एवं वन्यजीव संरक्षण, प्रभावी गश्त, वन अपराध नियंत्रण, मानव-वन्यजीव संघर्ष प्रबंधन तथा विभागीय दायित्वों के संबंध में प्रशिक्षण एवं आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि पदोन्नति केवल पद में वृद्धि नहीं बल्कि विभाग द्वारा कर्मचारी की कार्यक्षमता, निष्ठा एवं सेवा भावना पर व्यक्त विश्वास का प्रतीक है। समारोह के अंत में सभी पदोन्नत अधिकारियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई तथा विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका उत्साहवर्धन किया।

## स्वास्थ्य केन्द्र सेमरिया में 200 विद्यार्थियों का नेत्र परीक्षण

नवभारत न्यूज

**सेमरिया 24 जुलाई। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरिया में महात्मा गांधी मेमोरियल हाईस्कूल रामगढ़ के विद्यार्थियों के लिए नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। जहां करीब 200 विद्यार्थियों की आंखों की जांच की गई।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरिया के ऑप्थेल्मिक असिस्टेंट जीवेन्द्र कुमार मिश्रा ने विद्यार्थियों का नेत्र परीक्षण किया। जांच के दौरान 19 विद्यार्थियों में दृष्टि संबंधी समस्या पाई गई, जिन्हें चश्मे की आवश्यकता बताई। विद्यार्थियों के लिए आवश्यकतानुसार चश्मा



बनवाया जाएगा तथा चश्मा तैयार होने के बाद उन्हें उपलब्ध कराया जाएगा। नेत्र परीक्षण के दौरान विद्यार्थियों को आंखों की नियमित देखभाल, साफ-सफाई और दृष्टि संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूक रहने की जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक श्रीकांत तिवारी ने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए इस प्रकार के स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रमों को महत्वपूर्ण बताया।

## समस्याओं का समाधान टकराव से नहीं संवाद, संवेदनशीलता से हो : मिश्रा

नवभारत न्यूज

**सीधी 44 जुलाई। नीट-यूजी सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सामने आई अनियमितताओं और उससे जुड़े छात्र असंतोष को गंभीर चिंता का विषय बताते हुए अभिषेक मिश्रा ने कहा कि विद्यार्थियों की जायज समस्याओं का समाधान टकराव से नहीं बल्कि संवाद, संवेदन शीलता और ठोस संस्थागत सुधारों से होना चाहिए।**

छात्र आंदोलनों की आड़ में हिंसा, अराजकता या राजनीतिक स्वार्थ साधने के प्रयास भी स्वीकार्य नहीं हैं। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की शुचिता और



पारदर्शिता लाखों विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा विषय है। परीक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी विद्यार्थियों के विश्वास को प्रभावित करती है। इसलिए केन्द्र सरकार को परीक्षा प्रणाली की कमियों और आवश्यक सुधारों की व्यापक समीक्षा के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित कर समयबद्ध सुझावों पर कार्रवाई करनी चाहिए। श्री मिश्रा ने कहा कि विद्यार्थियों की वास्तविक मांगों को राजनीतिक हितों या देश में अस्थिरता और सामाजिक वैमनस्य पैदा करने वाले तत्वों से दूर रखना आवश्यक है। विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को भी शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से समस्याओं के समाधान में सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्रहित सर्वोपरि है और निष्पक्ष, पारदर्शी तथा विश्वसनीय परीक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना सरकार और संबंधित संस्थाओं की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए।

## विश्व बाघ दिवस 2026 : पंचम दिवस पर रन फॉर टाइगर का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सीधी 24 जून। संजय टाइगर रिजर्व सीधी द्वारा बाघ संरक्षण एवं वन्यजीवों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रन फॉर टाइगर का आयोजन किया गया। यह दौड़ प्रातः कलेक्ट्रेट चौक से जमोड़ी डिपो तक लगभग 5 किमी. की दूरी में आयोजित की गई।**



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.अनूप मिश्रा ने हरी झण्डी दिखा कर जागरूकता वाहन और मैराथन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राजेश कन्ना टी उप संचालक संजय टाइगर रिजर्व, सहायक संचालक सीधी, अधीक्षक सोन घड़ियाल अभ्यारण्य, अधीक्षक बगदरा अभ्यारण्य, परिक्षेत्र अधिकारी डुबरी, बस्तुआ, ब्यौहारी, मड़वास, टमसार, भुईमांड एवं सोन घड़ियाल तथा डॉ.कैलाश तिवारी मानसेवी जिला वन्यप्राणी अभिरक्षक व टाइगर रिजर्व के कार्यलयीन कर्मचारी भी उपस्थित रहे। इस जागरूकता दौड़ में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों, छात्राओं एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

लगभग 240 विद्यार्थियों ने रन फॉर टाइगर में सहभागिता कर बाघ संरक्षण, वन्यजीव सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। विजेता प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय को मेडल, सर्टिफिकेट एवं पुरूस्कर प्रदाय किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि बाघ केवल एक वन्यजीव नहीं बल्कि संपूर्ण वन पारिस्थितिकी तंत्र का आधार हैं। बाघों का संरक्षण हमारे वनोंए जैव विविधता एवं प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा से सीधे जुड़ा हुआ है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से वन्यजीवों एवं प्रकृति के संरक्षण में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया।

## पीएनजी कार्यों में गुणवत्ता व सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा : विकास

नवभारत न्यूज

**सीधी 24 जुलाई। कलेक्टर विकास मिश्रा ने सीधी शहर में संचालित पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) परियोजना के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि परियोजना के कार्यों में गुणवत्ता, सुरक्षा एवं जनसुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए।**

उन्होंने कहा कि नागरिकों को अनावश्यक असुविधा न हो तथा कार्यों का निष्पादन निर्धारित मानकों के अनुरूप समयबद्ध ढंग से किया जाए। समीक्षा बैठक में पीएनजी के नोडल अधिकारी सुशांत सिंह सिखोदिया एवं प्रभारी



जिला आपूर्ति अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि शहर के चिन्हित वार्डों में पीएनजी कार्य प्रारंभ करने से पूर्व संबंधित नगर पालिका को अनिवार्य रूप से सूचना दी जाए, जिससे आवश्यक समन्वय स्थापित कर कार्यों का सुचारु संचालन सुनिश्चित किया जा सके। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर पीएनजी कार्य संचालित किए जा रहे हैं वहां सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त रिफ्लेक्टर लगाए जाएं तथा कार्य की प्रगति एवं संबंधित जानकारी प्रदर्शित करने के लिए सूचना बोर्ड अनिवार्य रूप से स्थापित किए जाएं। उन्होंने कहा कि कार्यस्थलों पर आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाएं, जिससे आमजन एवं यातायात प्रभावित न हो। कलेक्टर विकास मिश्रा ने विशेष रूप से निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है वहां खुदाई के बाद सड़क, गड्ढों एवं नालियों का समुचित और गुणवत्तापूर्ण भराव तत्काल कराया जाए। उन्होंने कहा कि अधूरे भराव या क्षतिग्रस्त मार्गों के कारण नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए तथा एजेंसी इसकी पूर्ण जिम्मेदारी सुनिश्चित करे। यदि किसी वार्ड में पीएनजी कार्य के उपरांत सड़क, गड्ढों अथवा नालियों का समुचित भराव नहीं किया गया है अथवा कार्य से संबंधित कोई समस्या दिखाई देती है तो इसकी शिकायत मोबाइल नंबर 9424341954 एवं टोल-फ्री नंबर 1800224333 पर दर्ज कराई जा सकती है।

## ग्रामीण विकास योजनाओं में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त : सोलंकी

नवभारत न्यूज

**सीधी 24 जुलाई। सीईओ जिला पंचायत सीधी शैलेन्द्र सिंह सोलंकी ने गुरुवार को जनपद पंचायत कुसमी के सभागार में ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।**

बैठक में सीईओ जनपद पंचायत कुसमी ज्ञानेंद्र मिश्रा, सहायक यंत्री, उपयंत्री, पंचायत समन्वय अधिकारी, विभिन्न शाखाओं के प्रभारी, ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित रहे। बैठक में सीईओ ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना अंतर्गत अपूर्ण आवासों की समीक्षा करते हुए सभी लंबित आवासों का निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ समय पर मिलना सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब न हो। वीबीजीरामजी योजना की समीक्षा



करते हुए उन्होंने नवीन दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्यों का संचालन सुनिश्चित करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकाधिक रोजगार उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। पंचायती राज व्यवस्था अंतर्गत सीईओ ने सभी ग्राम पंचायतों को स्वच्छता कर, संपत्ति कर एवं जलकर की नियमित वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, साथ ही करारोपण से संबंधित जानकारी पीआरडी पोर्टल पर समय पर दर्ज करने तथा पंचायत परिसंपत्तियों का अद्यतन रिकॉर्ड बनाए रखने के लिए कहा। उन्होंने नल-जल योजना के नवीन दिशा-निर्देशों से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अवगत कराते हुए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। समीक्षा के दौरान बैठक में अनुपस्थित पाए गए सचिवों एवं ग्राम रोजगार सहायकों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने उनके 5 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

# पेपर लीक के विरोध में युवा छात्र संगठन का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

## शिक्षा मंत्री के इस्तीफे, निष्पक्ष जांच और परीक्षा प्रणाली में सुधार की उठाई मांग

नवभारत न्यूज

**सीधी 24 जुलाई। देशभर में लगातार सामने आ रही पेपर लीक की घटनाओं और शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग को लेकर चुरहट के युवा छात्र संगठन ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से छात्रों ने कहा कि बार-बार होने वाली पेपर लीक की घटनाओं ने लाखों विद्यार्थियों की वर्षों की मेहनत और भविष्य को संकट में डाल दिया है जिससे युवाओं में गहरी निराशा और असंतोष व्याप्त है।**

ज्ञापन में कहा गया कि जब प्रतियोगी परीक्षाएं निष्पक्ष नहीं होंगी तो प्रतिभा, परिश्रम और संविधान द्वारा प्रदत्त समान अवसर के अधिकार का महत्व समाप्त हो



जाएगा। छात्रों ने मांग की कि देशभर में हुई सभी पेपर लीक घटनाओं की सर्वोच्च स्तर पर निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कराई जाए तथा इसमें शामिल माफियाओं, दोषियों और लापरवाह अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। युवा छात्र संगठन ने परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह सुरक्षित, पारदर्शी एवं तकनीकी रूप से मजबूत बनाने, शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर सरकार और छात्रों के बीच नियमित संवाद स्थापित करने तथा व्यापक शिक्षा सुधार नीति लागू करने की भी मांग उठाई। ज्ञापन में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से शिक्षा व्यवस्था में आई गंभीर विफलताओं की नैतिक एवं प्रशासनिक जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए इस्तीफा देने अथवा सरकार से इस संबंध में उचित निर्णय लेने की मांग भी की गई। विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रमुख रूप से आकाश आजाद भागत सिंह, सुखनंदन सोनी भैया, सतेन्द्र कुशवाहा छोटू, सान अली खान, भोले सेन, मयंक कुमार गुप्ता, सुल्तान ख़ान, अजीत गुप्ता, आशीष गुप्ता, मोहम्मद अर्श, शिव कुमार रावत, आयुष सिंह बघेल, कृष्णा सिंह बघेल, शशांक सिंह, रामराज पटेल, सोमू सिंह ठाकुर, अजीत सांडा, सानू सिंह बघेल, राज विश्वकर्मा, आशीष मिश्रा, शौर्य सेन सहित युवा छात्र युवा शामिल हुए।

### शराब दुकान हटाने की मांग

छात्रों ने स्थानीय समस्या उठाते हुए कहा कि चुरहट स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के लगभग 200 मीटर के दायरे में संचालित विदेशी शराब दुकान के कारण छात्राओं में भय और असुरक्षा का वातावरण बना रहता है। संगठन ने मांग की कि उक्त शराब दुकान को विद्यालय से कम से कम दो किमी . दूर स्थानांतरित किया जाए। ज्ञापन में छात्रों ने कहा कि उनकी आवाज किसी राजनीतिक दल के पक्ष या विपक्ष की नहीं बल्कि देश के करोड़ों छात्रों और युवाओं के भविष्य की आवाज है। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं का भविष्य सुरक्षित रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।